Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to open more Kendriya Vidyalayas in Noida.

डॉ. महेश शर्मा (गौतम बुद्ध नगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि नोएडा-गौतमबुद्ध नगर आज पूरे विश्व पटल पर है। यहाँ जेवर एयरपोर्ट है और अब फिल्म सिटी भी है। दिल्ली के पास होने के कारण यहाँ की जनसंख्या लगातार बढ़ती चली जा रही है। नोएडा में केन्द्रीय विद्यालय आज से 20 वर्ष पहले एक था, वह आज भी एक ही है।

मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से अपील करना चाहूंगा कि वहाँ केन्द्रीय विद्यालय की संख्या में बढ़ोतरी की जरूरत है। इस मांग को शीघ्र-से-शीघ्र पूरा कराया जाए।